सं.डी-60011/3/2016– सामान्य
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
सामान्य अनुभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली
दिनांक : मार्च, 2019

परिपत्र

मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी निदेशानुसार, सभी मंत्रालयों/विभागों में कर्मियों और सभी संबंधित व्यक्तियों को जागरूक करने हेतु दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से 15 अप्रैल, 2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अवधि के दौरान इस निदेशालय द्वारा भी निम्नलिखित क्रियाकलापों का आयोजन किया जाएगा:-

क्र. सं.	तिथि	क्रियाकलाप	उत्तरदायित्व/सहभागिता
1.	01/04/2019 पूर्वाह्न 11 बजे स्थान: रिसोर्स सेंटर	सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ भारत पखवाड़ा पर शपथ ग्रहण समारोह। चार उपयुक्त स्थानों पर संदेश के साथ स्वच्छ भारत पखवाड़ा के बैनरों का प्रदर्शन।	तद्नुसार, सभी कर्मी रिसोर्स सेंटर में शपथ समारोह में उपस्थित हो सकते हैं। बैनर: सामान्य अनुभाग
2.	02/04/2019 पूर्वाह्न 11 बजे स्थान: रिसोर्स सेंटर	निदेशालय के सभी एककों से अनुपयोगी वस्तुओं को हटाने के लिए निदेशक (एके) के अधीन निगरानी बैठक	सभी उप निदेशक प्रशासन/ अनुभाग अधिकारी
3.	03/04/2019 पूर्वाह्न 11 बजे स्थान: रिसोर्स सेंटर	सभी अनुभागों/एककों द्वारा बन्द फाइलों/अनावश्यक दस्तावेजों की छंटाई के लिए निदेशक (एके) द्वारा समीक्षा बैठक।	सभी उप निदेशक प्रशासन/ अनुभाग अधिकारी
4.	04/04/2019 पूर्वाह्न 11बजे	निदेशालय के नियंत्रणाधीन मंजिल-वार एककों की स्वच्छता जांच के लिए निदेशक/उप निदेशक प्रशासन स्तर के अधिकारियों की तैनाती का ब्यौरा:- 1) तीसरा तल : निदेशक (एसकेजे) और उपनिदेशक प्रशासन (एसी) 2) चौथा तल: निदेशक (वीएम) और उपनिदेशक प्रशासन(वीपी) 3) पांचवा तल: निदेशक (एमकेसी) और उपनिदेशक प्रशासन (एसएस) 4) छठा व सातवां तल: निदेशक (एके) और उपनिदेशक प्रशासन (टीएफ) अगले दिन सभी दल संयुक्त सचिव (आरएम) को रिपोर्ट देंगे।	संबंधित निदेशक/ उपनिदेशक प्रशासन
5.	05/04/2019 पूर्वाह्न 11बजे स्थान: रिसोर्स सेंटर	जन-स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा 'साफ-सफाई और स्वच्छता तथा उनका प्रभाव' पर एक घंटे का व्याख्यान।	डॉ. तनु जैन, अपर उप महानिदेशक समन्वय करेंगी।
6.	08/04/2019 पूर्वाह्न 11बजे	अनुभागों में स्वच्छता की जांच हेतु निदेशालय के सभी तलों पर संयुक्त सचिव (आरएम) के नेतृत्व में {निदेशक(एके), उपनिदेशक प्रशासन (जीए), अनुभाग अधिकारी (सामान्य), श्री सुभाष, एमटीएस के साथ} एक दल का दौरा।	सभी संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी
7.	09/04/2019 पूर्वाह्न 11बजे	निदेशक/उपनिदेशक प्रशासन स्तर के अधिकारियों द्वारा निदेशालय के नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा किए जा रहे क्रियाकलापों का ऑनसाइट निरीक्षण।	कुछ अधीनस्थ कार्यालयों के लिए निदेशक (मु.) अधिकारियों को नामांकित करेंगे।

8.	10/04/2019 पूर्वाह्न 11बजे स्थान : रिसोर्स सेंटर	**'स्वच्छता का उत्तरदायित्व व्यक्तिगत है या समुदायिक'** विषय पर निदेशालय के कर्मियों में वाद-विवाद का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कार निम्नानुसार होंगे:- प्रथम पुरस्कार : 2000/- रुपए द्वितीय पुरस्कार : 1500/- रुपए तीन सांत्वना पुरस्कार : प्रत्येक 1000/- रुपए वाद-विवाद के लिए निर्णायक होंगे :- निदेशक (एसकेजे)- अध्यक्ष डॉ. तनु जैन- सदस्य उपनिदेशक प्रशासन (एसी)- सदस्य	निदेशालय के सभी अधिकारी भाग ले सकते हैं।
9.	11/04/2019 अपराह्न 01 बजे से 2:30 बजे तक	एनजीओ के 3 दलों द्वारा नुक्कड़ नाटक किया जाएगा जिनमें से प्रत्येक टीम को निम्नानुसार स्थान पर तैनात किया जाएगा :- 1) भोजनावकाश के दौरान निर्माण भवन के आस-पास तीन अलग-अलग जगहों पर। 2) किसी निकटतम झुग्गी-झोपड़ी के क्षेत्र में। 3) किसी निकटतम सरकारी विद्यालय में।	सामान्य अनुभाग
10.	12/04/2019	उपर्युक्त विवरणानुसार स्वच्छता अभियान के परिणाम का जाएजा लेने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक का औचक दौरा।	सभी अधिकारी/अनुभाग/एकक
11.	15/04/2019 पूर्वाह्न 11बजे स्थान: रिसोर्स सेंटर	पखवाड़ा के बाद किये गये क्रियाकलापों के बारे एक प्रेस विज्ञप्ति, निदेशालय की वेबसाईट पर जारी किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण।	सभी अधिकारी/अनुभाग

2. निदेशालय के सभी अनुभाग/एकक दिनांक 31.03.2019 तक अनुपयोगी वस्तुओं को हटाने और बंद फाइलों/अनावश्यक दस्तावेजों की छंटनी का कार्य निश्चित रूप से करें। जैसा कि ऊपर वर्णित है, दिनांक 2-3 अप्रैल, 2019 को होने वाली समीक्षा बैठक में इन क्रियाकलापों की प्रगति की जांच की जाएगी।

3. दिनांक 1 अप्रैल, 2019 से 15 अप्रैल, 2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सभी कर्मचारियों को सक्रिय भागीदारी हेतु जागरूक करने के लिए उपर्युक्त कार्ययोजना परिचालित किया जा रहा है। इन क्रियाकलापों के लिए अलग से कोई परिपत्र नहीं जारी किया जाएगा। कृपया सभी अधिकारी/कर्मचारी क्रियाकलापों का समय/स्थान नोट कर लें।

(एस के तनवर)
उपनिदेशक (सामान्य)

सेवा में,

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधिकारी/अनुभाग।

प्रतिलिपि :-

(i) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के प्रधान निजी सचिव।
(ii) आईटी प्रकोष्ठ को निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Upload in Hindi
18/3

IT cell